Department of Tourism for Coordination of these activities.

Besides, disinvestment of shares of the India Tourism Development Corporation has taken place to a limited extent.

एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस को विमान दुर्घटनाओं के कारण हुआ घाटा

*47. **श्री दिलीप सिंह जूदेव**: क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस को वर्ष 1991-92 से 1994-95 के दौरान हुई विमान दुर्घटनाओं के कारण मुआवजे के रूप में कितनी राशि का भुगतान करना पड़ा तथा इन कंपनयों को विमान नष्ट हो जाने के कारण कितना घाटा हुआ;

(ख) दोनों विमान कंपनियों को विमानों के बीमे की कितनी राशि प्राप्त हुई और कितनी राशि अभी प्राप्त की जानी हैं;और

(ग) विमान दुर्घटनाओं में हुई मृत्यु,आशक्तता और वित्तीय हानि तथा यात्रियों को हुई असुविधा से संबंधित उन मामलों का ब्यौरा क्या हैं,जो 31 जनवरी,1996 तक न्यायाधिकरणों और उपभोक्ता संरक्षण परिषदों में लंबित पड़ हैं?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद): (क) और (ख) 1991-92 से 1994-95 तक की अवधि में एयर इंडिया के विमानों की कोई दुर्घटनाएं नहीं हुई ।

विमान दुर्घटनाओं के कारण इंडियन ने सन् 1991 से 1995 के दौरान 5.3 करोड़ रूपह की राशि का मुआवजे के रूप में भुगतान किया हैं ।

विमान नष्ट होने के फलस्वरूप इंडियन एयरलाइंस को कोई हानि नहीं हुई क्योंकि इसके बेड़े के सभी विमानों का पूरी तरह से बीमा किया हुआ हैं तथा बीमा कंपनियों द्वारा इंडियन एयरलाइंस को पूरी क्षतिपूर्ति कर दी जाती हैं । 1991-92 से 1994-95 की अवधि में बीमा कंपनियों से इंडियन एयरलाइंस को 80 मिलियन अमरीकी डालर(तत्कालीन विनिमय दरों पर 219.50 करोड़ रूपह के बराबर) प्राप्त हुए ।

(ग) 31 जनवरी,1996 की स्थिति के अनुसार,विमान दुर्घटनाओं के कारण हुई मृत्यु,अपंगता तथा वित्तीय क्षति तथा यात्रियों को हुई असुविधा के संबंध में दावों के 55 मामले विभिन्न अदालतों/अधिकरणों तथा उपभोक्ता संरक्षण परिषद में लंबित हैं ।

Wonder Cure for Cataract

*48. SHRI TARA CHARAN MAJUMDAR: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government are aware that certain doctors of Bangalore have discovered a wonder cure for Cataract;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government propose to provide that treatment in all the Government hospitals of the country; and

(d) if so, the details thereof; and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE & MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI A. R. ANTULAY): (a) and (b) It has been reported that some doctors from Bangalore have presented the results of their work in a Conference using a machine in which laser has been used to fragment lens nucleus and remove cataract in place of ultra-sound phacoemulsification which has a very marginal advantage over the conventional cataract surgery.

(c) and (d) Since the method has not been scientifically evaluated and accepted universally, it is too early to think of adopting the technique in government hospitals.

यौन संबंधों के कारण होने वाले रोगों की रोकथाम

*49. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल**: क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान यौन संबंधों के कारण होने वाले संक्रामक रोगों के संबंध में "यूनीसेफ" द्वारा किए गए अध्ययन की ओर दिलाया गया हैं;

(ख) यदि हां,तो सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया हैं;और

(ग) देश में एस.टी.डी.संबंधी क्लीनिकों की कमी को देखते हुए इन रोगों को फैलने से रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री और जल संसाधन मंत्री (श्री ए.आर.अंतुले): (क) यूनिसेफ ने पिछले पांच वर्षो के दौरान यौन संचारित रोगों की व्याप्तता संबंधी किसी अध्ययन को न तो सहायता दी हैं और न उससे जुड़ा हुआ हैं ।

(ख) और (ग) यौन संचारित रोगों का शुरू में निदान करके उनका उपचार करने हेतु राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र में 504 विशिष्ट यौन संचारिक रोग क्लिनिकों को नगद और सामग्रीगत अनुदान प्रदान करके सुदृढ़ किया जा रहा हैं । इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्र में चिकित्सा और परा-चिकित्सा कार्मिकों को लक्षणयुक्त उपायों के आधार पर मामलों के नैदानिक उपचार में प्रशिक्षित किया जा रहा हैं । संचार के सभी साधनों को जन-जागरूकता पैदा करने हेतु इस्तेमाल किया गया हैं ।

Groundwater Utilisation

*50. SHRIMATI CHANDRA KALA PANDEY: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) the total irrigated land vis-a-vis the total cultivable land during the last three years, Year-wise and State-wise; and

(b) the State-wise investment made for groundwater utilisation during the above period, year-wise?

THE MINISTER OF HEALTH & FAMILY WELFARE AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI A. R. ANTULAY): (a) and (b) Information is given as per Annexures *[See* appendix 176, Anneuxures No. 14 and 15]

नई परियोजनाओं की घोषणा

*51. **श्री जनेश्वर मिश्र**: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले चार महीनों के दौरान रेल मंत्रालय ने कितनी नई परियोजनाओं की घोषणा की हैं;

(ख) क्या सरकार के पास इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्प धन हैं और इन सभी नई घोषित परियोजनाओं पर कुल कितनी राशि व्यय होने का अनुमान हैं;और

(ग) इस संबंध में तथ्यपूर्ण ब्यौरा क्या हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश कलमाडी):

(क) से (ग) 5 करोड़ रूपये प्रत्येक से अधिक की लागत वाली 12 नई परियोजनाओं को,नवंबर/दिसंबर 1995 में संसद के समक्ष प्रस्तुत की गई,रेल मंत्रालय के लिए अनुदान की पूरक मांगों में शामिल किया गया था,जिनका विवरण निम्नलिखित हैं:-

क्र.सं.	(**कार्य का विवरण**	(करोड़ रूपये में) **कार्य की लागत**)
1.	पनवेल-करजल विद्युतीकृत नई बड़ी लाइन-चरण-1 28.05 कि.मी.(मध्य रेलवे)	89.00
2.	कुर्ला-थाणे चरण-1 (10 कि.मी.) पांचवीं और छठी लाइन (मध्य रेलवे)	48.04
3.	कालीकट-मंगलूर: दोहरीकरण(दक्षिण रेलवे)	240.00
4.	विरार-सूरत: 9 स्टेशनों पर अतिरक्त लूप(पश्चिम रेलवे)	10.19